प्रेरणा

कोई कुछ भी बोले स्वयं को शांत रखो, क्योंकि धूप कितनी भी तेज हो समुद्र को नहीं सुखा सकती।

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 05 JANUARY TO 11 JANUARY 2024 • VOLUME 24 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING


INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD




E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply


## हिज्बुल मुजाहिदीन का मोस्ट वांटेड आतंकी गिरफ्तार

### जम्मू कश्मीर में कई आतंकी घटनाओं को दिया अंजाम

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने जम्मू कश्मीर में कई आतंकवादी घटनाओं में शामिल रह चुके एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। यह हिज्बुल मुजाहिदीन का मोस्ट वांटेड आतंकवादी है। इसके ऊपर 10 लाख रुपए का इनाम भी घोषित था। स्पेशल सेल की स्पेशल पुलिस कमिश्नर हर एचएस धालीवाल ने बताया कि जम्मू कश्मीर में कई आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के बाद यह अंडरग्राउंड हो गया था।

गुरूवार को स्पेशल सेल की टीम को इस आतंकवादी के बारे में पता लगाकर दबोचने में कामयाबी मिली है। सेल की टीम काफी समय से इसके पीछे लगी हुई थी। क्योंकि इस आतंकवादी के बारे में स्पेशल सेल को कुछ इनपुट मिले थे। गिरफ्तार किए गए आतंकी की पहचान जावेद अहमद मट्टू के रूप में हुई है। यह हिजबुल मुजाहिदिन का कमांडर बताया जा रहा है। यह भी पता चला है कि यह रहने वाला तो जम्मू कश्मीर के शिवपुरी का है। लेकिन यह मौका देखकर पाकिस्तान भी जा चुका है। गौरतलब है कि हाल में ही सोपोर में इसी आतंकवादी जावेद अहमद मट्टू के भाई ने अपने घर पर तिरंगा झंडा लहराया था। जो काफी जमकर वायरल भी हुआ था। गौरतलब है कि दिसंबर महीने में इजरायल एंबेसी के पास हुए धमाके के बाद उस मामले की छानबीन भी स्पेशल सेल



की टीम कर रही है। और इस छानबीन लेकर संदिग्ध की तलाश भी की जा रही है। उसी छानबीन की कड़ी में स्पेशल सेल की टीम दिल्ली से लेकर जम्मू तक आतंकी एक गतिविधियों में जुड़े आतंकवादियों का डाटा खंगाल रही है। और अपने इंटेलिजेंस की मदद से इनके बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है। इसी छानबीन में स्पेशल सेल की टीम को यह एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है।

हालांकि अभी इजरायल एंबेसी के पास हुए धमाके में स्पेशल सेल को कामयाबी नहीं मिली है। लेकिन जम्मू कश्मीर के इस मोस्ट वांटेड हिजबुल मुजाहिद्दीन के कमांडर को गिरफ्तार करके स्पेशल सेल की टीम ने एक बहुत बड़ी कामयाबी दिल्ली पुलिस को दिलाई है।

## 'अकाली दल से पंजाब बचा लो' होना चाहिए यात्रा का नाम : सीएम मान

**कहा- श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी और गैंगस्टरों व ड्रग माफिया को पनाह जैसे अपराधों से अकाली कभी दूध से धुले साबित नहीं हो सकते**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि अकालियों ने 15 साल के कुशासन के दौरान पंजाब को बेरहमी से लूटा है, जिस कारण उनके द्वारा निकाली जाने वाली 'पंजाब बचाओ यात्रा' का असली नाम 'अकाली दल से पंजाब बचा लो यात्रा' होना चाहिए। यहां जारी एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि अकाली दल ने अपने 15 साल के कुशासन दौरान राज्य के संसाधनों को लूटा है और पंजाबियों के दिलों पर गहरे जख्म दिए है। उन्होंने कहा कि राज्य की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अब हाशिये पर पहुंच गयी है और राज्य में लंबा समय तक सत्ता में रहने के बाद तीन सीटों पर सिमट गई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब के लोग अकालियों और बादल परिवार के दोहरे किरदार



को अच्छी तरह जानते है, जिसके चलते यात्रा जैसी नौटंकिया अब काम नहीं आएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अकालियों को याद दिलाया कि अकाली दल के लंबे कुशासन के दौरान पंजाब हर क्षेत्र में पिछड़ गया है। उन्होंने अकाली दल से कहा, "श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी करने, गैंगस्टरों और नशा माफिया को जैसे जघन्य अपराधों से दूध से धुले साबित नहीं हो सकते।" पंजाब के लोग उस समय को कभी नहीं भूल सकते जब पूरा पंजाब काले कृषि कानूनों के खिलाफ खड़ा था और उस समय अकाली अपने राजनीतिक हितों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्रशंसा कर रहे थे।

## दिल्ली सीएम को सताया गिरफ्तारी का डर तो भाजपा ने किया कटाक्ष

**नई दिल्ली.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से शराब घोटाला मामले में बार-बार ईडी के समन की अवहेलना किये जाने से स्थानीय राजनीति गर्मा गयी है। एक ओर जहां मुख्यमंत्री ने प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह उन्हें झूठे केस में जेल में डालना चाहती है तो वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए पूछा है कि ऐसा क्या है जिसे केजरीवाल छिपा रहे हैं? इस बीच आम आदमी पार्टी की मुश्किलें तब और बढ़ गयीं जब उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने निजी प्रयोगशालाओं को लाभ पहुंचाने के लिए मोहल्ला क्लीनिक द्वारा 'फर्जी' जांच का परामर्श दिये जाने के आरोपों की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दे दिया। जहां तक ईडी से बचते फिर रहे मुख्यमंत्री के बयान की बात है तो केजरीवाल ने आरोप लगाया कि अब बीजेपी मुझे गिरफ्तार करना चाहती है और फर्जी समन भेजकर ये लोग मुझे बदनाम करना चाहते हैं।

दूसरी ओर, भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने केजरीवाल के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि अपने बचाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री जो तर्क दे रहे हैं वह आधारहीन हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए ईडी दफ्तार जाना चाहिए। साथ ही भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये जो तथाकथित मोहल्ला क्लीनिक थी इसके अंदर जांच की व्यवस्था की गई थी। इस प्रकार के तथ्य सामने आए हैं कि एक दिन में 500 मरीज देखे गए हैं जबकि मोहल्ला क्लीनिक का औपचारिक समय सुबह 9 बजे से 1 बजे तक है। 240 मिनट में किसी ने अगर 533 मरीज देख लिए तो इसका मतलब आधे मिनट में एक मरीज देखा गया है। इतने समय में तो आदमी मंदिर में दर्शन भी नहीं कर पाता है जितने समय में डॉक्टर ने रोग को समझकर उसका निदान-समाधान सब लिख दिया। ये ईमानदारी का नया किरदार है।

### ईडी के सामने पेश होने से क्यों डर रहे केजरीवाल : अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अरविंद केजरीवाल द्वारा लगातार ईडी के समनों की अनदेखी



किए जाने और उनकी आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा चलाए जा रहे मोहल्ला क्लीनिको में भ्रष्टाचार के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी। अनुराग ठाकुर ने अरविंद केजरीवाल को कट्टर भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा कि राजनीति में आने से पहले कट्टर ईमानदारी की डींगें हांकने वाले अरविंद केजरीवाल जी और उनकी सरकार आज सबसे भ्रष्टाचारी पार्टी और सरकार के रूप में सामने आई है। क्या अरविंद केजरीवाल देश के नियम कानून से ऊपर हैं? 'अरविंद केजरीवाल बताएं कि वह ईडी के सामने पेश होने से क्यों डर रहे हैं?'

## विजीलैंस द्वारा दो सरपंच और एक पंचायत सचिव लाखों रुपये के गबन के आरोप में गिरफ्तार

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार खिलाफ चलाए अभियान अधीन दो सरपंचों और दो पंचायत सचिवों द्वारा गांव के विकास कार्यों में लाखों रुपये के गबन के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इस संबंधी दो सरपंचों और एक पंचायत सचिव को गिरफ्तार किया गया है।

विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि सरबजीत सिंह, पूर्व सरपंच, गांव अलाल, जिला संगरूर और नरेश कुमार सिंगला, पंचायत सचिव (रिटार्यड) को जांच के दौरान पंचायती फंडो में 2,00,927 रुपये की राशि और अन्य निर्माण सामग्री में गबन के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उक्त दोनों दोषियों के खिलाफ मुकद्मा नंबर 01-04-2024 आईपीसी की धारा 409 और 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की 13(1)-ए और 13(2) अधीन विजीलैंस ब्यूरो, पटियाला रेंज के थाने में दर्ज किया गया है।

एक अलग मामले में, जांच के दौरान, जतिंदर सिंह, सरपंच, गांव चांदू, जिला संगरूर और पंचायत सचिव गुरमीत सिंह को जनवरी 2019 से 31 मार्च, 2022 तक गांव चांदू में किए गए विकास कार्यों में लगभग 74 लाख रुपये के गबन का दोषी पाया गया है। इन दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकद्मा नंबर 43 तिथि 13-12-2023 के आईपीसी की धारा 409 और 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की 13 (1)-ए और 13 (2) के अधीन विजीलैंस ब्यूरो के पटियाला रेंज पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में सरपंच जतिंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।इस मामले में दो अन्य जांच चल रही है।

### रिश्वत मांगता डीड राइटर गिरफ्तार



पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने गुरूवार को डीड राइटर जसपाल सिंह, निवासी मोहल्ला कोट मंगल सिंह, शिमलापुरी, लुधियाना को राजस्व विभाग के कर्मचारियों के नाम पर 10,000 रुपए रिश्वत देने की माँग करते हुए गिरफ्तार कर लिया। विजीलैंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई है कि उक्त मुलजिम शिकायतकर्ता से प्लॉट की रजिस्ट्री करवाने के बदले राजस्व विभाग के कर्मचारियों के नाम पर 10,000 रुपए की रिश्वत की माँग कर रहा था। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान सब रजिस्ट्रार (सैंट्रल) लुधियाना के अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। इस सम्बन्धी उक्त मुलजिम के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत विजीलैंस ब्यूरो के थाना लुधियाना रेंज में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की अगली जांच जारी है।

## अमृतसर से ड्रोन से फेंका 2 किलो आईस ड्रग, एक चीनी पिस्तौल बरामद; एक काबू

### गिरफ्तार दोषी पाक आधारित तस्करों के सीधे संपर्क में था : डीजीपी

• **जालंधर ब्रीज.** अमृतसर

जंग के दौरान सरहद पार से नशीले पदार्थों की तस्करी के नैटवर्क को बड़ा झटका देते हुए पंजाब पुलिस ने 2 किलो आईस ड्रग (मेथामफेटामाईन) बरामद करने के उपरांत मुख्य दोषी को गिरफ्तार करके पाकिस्तान आधारित समग्गलरों द्वारा सरहद पार से चलाए जा रहे नशा और हथियारों की तस्करी के रैकेट का पर्दाफाश किया है। पंजाब के डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहाँ यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि पकड़े गए समग्लर की पहचान सिमरनजीत सिंह उर्फ सिमर मान निवासी गाँव गग्गड़माल अमृतसर के तौर पर हुई है। पुलिस टीमों ने आईस ड्रग की खेप को ज़ब्त करने के अलावा उसके कब्ज़े से एक



अति-आधुनिक . 30 बोर का चीनी पिस्तौल और पाँच जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि गिरफ्तार मुलजिम पाकिस्तान आधारित तस्कर पठान और आमेर के सीधे संपर्क में था, जो उसे ड्रोन के द्वारा सरहद पार से आईस ड्रग्ज़ और हथियार सप्लाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किये गए मुलजिम राज्य भर में आईस ड्रग्ज़ की सप्लाई करते थे, जबकि उसके पिछले और अगले संबंधों के सी.पी. भुल्लर ने बताया कि ड्रग सप्लायरों, डीलरों और उनके खरीददारों के पूरे नैटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए अगली जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किये गए मुलजिमों द्वारा अब तक प्राप्त किये गए नशीले पदार्थों की कुल मात्रा का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## सरकार ने माघी मेले के दौरान घोड़ों से संबंधित गतिविधियों को दी मंजूरी

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने श्री मुक्तसर साहिब में माघी मेले के दौरान 9 से 16 जनवरी तक चलने वाले पशुधन मेले में घोड़ों से सम्बन्धित गतिविधियों को मंजूरी दे दी है। ज़िक्रयोग्य है कि तेज़ी से फैलने वाली इस ज़ूनोटिक ग्लैंडर्स बीमारी को रोकने और नेशनल एक्शन प्लैन फॉर ग्लैंडर्स (भारत सरकार) के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए पंजाब सरकार ने मई 2023 में घोड़ों से सम्बन्धित गतिविधियों पर पाबंदी लगा दी थी। पंजाब के पशु पालन, डेयरी विकास और मछली पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि अमृतसर, बठिंडा, लुधियाना और होशियारपुर जिलों से घोड़ों में गलैंडर्स बीमारी फैलने की रिपोर्टें मिली थीं, जिस कारण राज्य सरकार ने घोड़ों से सम्बन्धित गतिविधियों पर पाबंदी लगा दी थी।

## चीन के ग्लोबल टाइम्स ने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति और बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को स्वीकार किया

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

प्रमुख चीनी समाचारपत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने एक लेख प्रकाशित किया है, जिसमें उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक विकास, सामाजिक शासन और विदेश नीति में भारत के बढ़ते कदमों की प्रशंसा की है। अखबार की यह दुर्लभ स्वीकारोक्ति है। इस लेख को शंघाई स्थित फ़ूतान यूनिवर्सिटी के सेंटर फ़ॉर साउथ एशियन स्टडीज के निदेशक चांग च्यातुंग ने लिखा है, जिसमें उन्होंने पिछले चार वर्षों के दौरान भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित किया है। आलेख में भारत के जोरदार आर्थिक विकास, शहरी प्रशासन में आये सुधारों और अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों, खासतौर से चीन के साथ भारत के सम्बन्धों में आये बदलावों को स्वीकार किया गया है। लेखक कहते हैं कि उदाहरण के लिये, जब चीन और भारत के बीच के व्यापार असंतुलन की चर्चा होती थी, तब भारतीय प्रतिनिधि पहले व्यापार असंतुलन को कम करने के चीन के उपायों पर ही जोर डालते थे। लेकिन, अब वे



भारत की निर्यात क्षमता पर ज्यादा जोर देने लगे हैं। लेख में "भारत विमर्श" के प्रति भारत की सक्रिय सूझ-बूझ का मुख्य रूप से उल्लेख किया गया है, जिसके तहत भारत के रणनीतिक विश्वास पर जोर दिया जाता है। लेखक का कहना है कि अपने तेज आर्थिक और सामाजिक विकास के दम पर भारत रणनीतिक रूप से विश्वास से भरा है तथा 'भारत विमर्श' की रचना व विकास के लिए पहले से अधिक सक्रिय हो गया है। वे कहते हैं कि राजनीतिक और सांस्कृतिक पैमाने पर, भारत जहां पहले पश्चिम के साथ लोकतांत्रिक सहमति बनाने पर जोर देता था, अब वहीं वह लोकतांत्रिक राजनीति में 'भारतीय विशेषता' पर जोर देता है। मौजूदा समय में, लोकतांत्रिक राजनीति की भारतीय जड़ों पर पहले से ज्यादा जोर दिया जा रहा है।" लेखक का कहना है कि यह बदलाव भारत की ऐतिहासिक औपनिवेशिक छाया से बाहर निकलने और खुद को राजनीतिक व सांस्कृतिक तौर पर एक विश्वस्तरीय प्रभावशाली देश के रूप में स्थापित करने की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। इसके अलावा, इस लेख में प्रधानमंत्री मोदी के तहत भारत की रणनीतिक विदेश नीति की सराहना की गई है और भारत के बहुस्तरीय-जुड़ाव वाले दृष्टिकोण तथा अमेरिका, जापान एवं रूस जैसी प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर प्रकाश डाला गया है। इसमें रूस-यूक्रेन संघर्ष के मुद्दे पर भारत के बारीक रुख को भी रेखांकित किया गया है।

इस लेख में यह कहा गया है कि विदेश नीति के मामले में भारत की रणनीतिक सोच में एक और बदलाव आया है तथा वह स्पष्ट रूप से एक महान शक्ति वाली रणनीति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रोफेसर चांग कहते हैं कि जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता संभाली है, उन्होंने अमेरिका, जापान, रूस व अन्य देशों तथा विविध क्षेत्रीय संगठनों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ावा देने हेतु बहुस्तरीय-जुड़ाव वाली रणनीति की हिमायत की है। लेख में कहा गया है कि भारत ने हमेशा से स्वयं को विश्व शक्ति माना है। हालांकि, 10 साल से भी कम समय में, भारत ने अपनी नीति में बदलाव करते हुए बहु-संतुलन की बजाय बहु-सहयोग की नीति को अपनाया है और अब देश बहु-ध्रुवीय दुनिया में एक ध्रुव बनने की रणनीति की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। निष्कर्ष के तौर पर, लेखक कहते हैं कि ऐसा प्रतीत होता है कि एक परिवर्तित, मजबूत और अधिक मुखर भारत एक नया भू-राजनीतिक कारक बन गया है, जिस पर कई देशों को विचार करने की आवश्यकता है। ग्लोबल टाइम्स द्वारा भारत की प्रगति और प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक विज़न की यह स्वीकृति, भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर इसके मुखर दृष्टिकोण के निहितार्थ की बढ़ती मान्यता का प्रतीक है।

## लम्बित इंतकाल दर्ज करने के लिए राजस्व विभाग की नवीन पहल

### 6 जनवरी को पंजाब भर में लगाया जायेगा विशेष कैंप

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए राजस्व विभाग ने 6 जनवरी (शनिवार) को छुट्टी वाले दिन पंजाब भर में विशेष कैंप लगाकर लम्बित पड़े इंतकाल दर्ज करने की नवीन मुहिम शुरु की है। पंजाब के राजस्व मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने बताया कि राजस्व विभाग की सेवाएं लोगों तक सुचारू तरीके से पहुँचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 6 जनवरी को छुट्टी वाले दिन पंजाब भर के राजस्व दफ्तरों में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे और लम्बित पड़े इंतकाल दर्ज करेंगे। जिम्पा ने लोगों को इस विशेष कैंप का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। विशेष कैंप के दौरान सभी लम्बित इंतकाल मौके पर ही दर्ज



करने के लिए अधिकारियों को पहले ही आदेश दिए जा चुके हैं, जिससे लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिम्पा ने कहा कि राजस्व विभाग में यदि किसी भी स्तर पर लोगों को कार्य करवाने में कोई दिक्कत आती है तो मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा इस बाबत हेल्पलाइन नंबर 8184900002 जारी किया हुआ है, जिस पर लिखित शिकायत वाट्सऐप की जा सकती है। एन.आर.आईज़ अपनी लिखित शिकायतें 9464100168 नंबर पर भेज सकते हैं।

# मन मोह लेंगे बिहार के हिल स्टेशन, भूल जाएंगे शिमला-मनाली

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

दिल्ली के पास रहने वाले लोग वीकेंड के दौरान उत्तराखंड या हिमाचल की जगहों पर घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन क्या आपने सोचा है कि इन जगहों के अलावा भी बिहार में कुछ हिल स्टेशन है, जहां आप सुंदर नजारों को एंजॉय कर सकते हैं। बिहार, शांत और खूसबूरत जगहों से घिरा हुआ है। ऐसे में आज हम आपको बिहार के उन स्टेशनों के बारे में बताने वाले हैं, जिनके बारे में आपने शायद पहले कभी नहीं सूना होगा।

### प्राग बोधि

बिहार के गया जिले में स्थित, प्रागबोधि को डुंगेश्वरी पहाड़ी के नाम से भी जाना जाता है। ये जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पर्यटकों को आकर्षित करती है। ज्ञान प्राप्त करने से पहले यह जगह बुद्ध का विश्राम स्थल थी। प्राग बोधी की आकर्षक हरी-भरी घास के मैदान इस जगह को देखने लायक बनाती है।

### ब्रह्मजुनी पहाड़ी

ब्रह्मजुनी पहाड़ी और इसके आसपास के ऐतिहासिक मंदिरों का नजारा देखकर आपका मन खुश हो जाएगा। शांति का अनुभव करने के लिए ये एक बेहतरीन जगह है। बिहार का यह हिल स्टेशन गया जिले में स्थित है।


### गुरपा पीक

बिहार का यह हिल स्टेशन आश्चर्यजनक हिंदू मंदिरों में से एक है। ध्यान लगाने के लिए ये एक आदर्श जगह है, गुरपा शिखर को भगवान बुद्ध के उत्तराधिकारी महा कस्सप की प्रतीक्षा स्थल माना जाता है।

### प्रेतशिला पहाड़ी

प्रेतशिला पहाड़ी बिहार के हिल स्टेशनों में से एक है। हर साल, सैकड़ों तीर्थयात्री ब्रह्म कुंड झील पर जाते हैं। यहां पूर्वजों की दिवंगत आत्माओं के लिए पवित्र अनुष्ठान करवाने भी लोग पहुंचते हैं।




**TRAVELLING**

सर्दियों के मौसम में लोग शिमला मनाली की हसीन वादियों को घूमने की प्लानिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बिहार के खूबसूरत हिल स्टेशन आपका मन मोह सकते हैं।




## FITNESS MANTRA

### नाभि में लगाएं ये 4 तरह के तेल, ड्राई स्किन से लेकर होंठ तक होंगे सॉफ्ट

नाभि में रोजाना रात को सोने से पहले तेल लगाने से स्किन की ड्राईनेस से छुटकारा मिलता है। रुखे होंठो से लेकर स्किन और बालों के रुखेपन से छुटकारा दिलाने में मदद करेगा।



सर्दियों के मौसम में स्किन में रूखापन होना आम बात है। लेकिन कई बार ये समस्या इतनी बढ़ जाती है कि बाहर से स्किन को मॉइश्चराइज करने के बाद भी रूखापन नहीं जाता। यहीं स्थिति होंठ के साथ भी रहती है। ठंड में होंठों की दरार नहीं खत्म हो रही तो रोजाना नाभि में इन तेल को लगाने से फायदा मिलता है। हर दिन नाभि में ये 4 तरह के तेल लगाने से शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर फायदा होता है। इन तेल की मदद से फटी एड़ियां भी ठीक होती है। जानें कौन सा तेल किस समस्या में लगाना फायदेमंद है।

#### फटे होंठो के लिए लगाएं सरसों का तेल

अगर आप होठों के फटने से परेशान है और लिप बाम भी असर नहीं दिखा रहा है। तो रोजाना सोने से पहले सरसों के शुद्ध तेल को नाभि में लगाएं। रोजाना इस तेल को नाभि में लगाने से कुछ ही दिनों फटे होंठों की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

#### फटी एड़ी पर लगाएं नारियल का तेल

अगर आप एड़ियों की ड्राईनेस और फटने से परेशान हैं। एड़ियों में मोटी दरारें बन गई हैं और ठीक नहीं हो रही हैं। रोजाना रात को सोने से पहले नारियल के तेल को नाभि में लगाएं। हर दिन नाभि में नारियल का तेल फटी एड़ी से राहत देने में मदद करेगा।

#### ड्राई स्किन के लिए लगाएं तिल का तेल

अगर आप स्किन के रूखेपन और बालों के रूखेपन से परेशान हैं। तमाम मॉइश्चराइजर और तेल स्किन, बालों पर असर नहीं दिखा रहा है। तो हर रात सोने से पहले तिल के तेल को नाभि पर लगाएं। ये बालों को सिल्की, शाइनी बनाने के साथ ही त्वचा पर भी शाइन लाएगा।

#### आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए लगाएं जैतून का तेल

अगर आप हर रात सोने से पहले नाभि में जैतून का तेल लगाते हैं तो ये आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है। स्किन की परेशानियों को ध्यान में रखकर हर दिन नाभि में इन तेल को लगाएं। कुछ ही दिनों में असर दिखने लगेगा।




## नए साल में घर में आ रहे मेहमान तो फटाफट बनाएं क्रिस्पी पनीर बॉल्स

नए साल के मौके पर दोस्तों और मेहमानों को स्पेशल ट्रीट देना चाहती हैं या फिर फैमिली की गपशप में हेल्दी स्नैक्स बनाना है तो पनीर के ये क्रिस्पी बॉल्स बनाकर ट्राई कर सकती हैं।






• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

कुछ मेहमान बिल्कुल अचानक से आ जाते हैं। जिनको लेकर आपने जरा भी तैयारी नहीं की होती। घर में ऐसे बिन बुलाएं मेहमानों को आप फटाफट पनीर के क्रिस्पी बॉल्स बनाकर खिला सकती हैं। जो बनने में आसान हैं लेकिन स्वाद के मामले में बिल्कुल जबरदस्त। वैसे ये पनीर बॉल्स बच्चों को भी खूब पसंद आते हैं और प्रोटीन से भरपूर हेल्दी स्नैक्स है। तो चलिए जानें प्रोटीन रिच क्रिस्पी पनीर बॉल्स बनाने की आसान सी रेसिपी।

#### पनीर बॉल्स की सामग्री

- 100 ग्राम फ्रेश पनीर
- 2 प्याज बारीक कटा हुआ
- 2 हरी मिर्च बारीक कटी हुई
- 1 इंच अदरक का टुकड़ा, इसे भी बिल्कुल बारीक काट लें
- 2 चम्मच चावल का आटा
- 1 चम्मच बेसन
- 1 चम्मच कॉर्नफ्लोर
- 2 चम्मच बारीक कटा हरा धनिया
- नमक स्वादानुसार

#### बॉल्स बनाने की विधि

- सबसे पहले पनीर को अच्छी तरह से मैश कर लें। इसके लिए आप चाहे कद्दूकस की मदद लें या फिर हाथों की मदद से मैश कर लें।
- अब बाउल में इस मैश किए हुए पनीर के साथ बारीक कटा प्याज डालें। आप चाहें तो साथ में हरे प्याज को भी बारीक काटकर ले सकते हैं।
- साथ में बारीक कटी हरी मिर्च, हरी धनिया और बारीक कटा अदरक भी मिलाएं।
- साथ में कुटी काली मिर्च, ऑर्गेनो और चिली फ्लैक्स भी मिला लें।
- नमक डालें और साथ में चावल का आटा डालकर मिक्स करें।
- साथ में बेसन और कॉर्नफ्लोर को भी डाल दें। बेसन सारे मिश्रण को बांधने में मदद करता है और चावल के -आटे से क्रिस्पीनेस मिलती है। इसलिए एक भी सामग्री को ना छोड़ें।
- आप चाहें तो थोड़ा सा चाट मसाला और गरम मसाला भी डाल सकते हैं।
- अच्छी तरह से सारी चीजों को मिक्स कर लें। समान मात्रा में लेकर गोल आकार दें।
- बस कड़ाही में तेल गर्म करें और इन सारे पनीर बॉल्स को धीमी आंच पर सुनहरा होने तक तलें।
- तैयार हैं टेस्टी क्रिस्पी पनीर बॉल्स, इन्हें टोमैटो और चिली सॉस के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

## बेटे के पैरेंट्स हैं तो कभी ना कहे उससे ये बातें, आत्मविश्वास में आ जाती है कमी

**PARENTING MISTAKES**



बच्चों की परवरिश के वक्त समान व्यवहार की उम्मीद माता-पिता से की जाती है। अगर आप किसी बेटे के पैरेंट्स हैं तो उसकी परवरिश के वक्त कहीं ये बाते आत्मविश्वास को कम कर देती हैं।

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बेटी हो बेटा, दोनों की परवरिश में एक समान बातों का ध्यान रखना होता है। लेकिन कई बार बेटे के पैरेंट्स परवरिश को लेकर कुछ बातों का ध्यान नहीं रखते। जिसकी वजह से उनका बढ़ता बच्चा आत्मविश्वास के मामले में कमजोर हो जाता है और कई बार काफी उग्र और गुस्सैल स्वभाव का बन जाता है। जिसका कारण पैरेंट्स के द्वारा कहीं कुछ बातें होते हैं। जो बेटे के कमजोर मन गहरा असर डालती हैं।

**बैठकर खाता रहता है-** अगर आपका बेटा किसी परीक्षा की तैयारी कर रहा है या कॉलेज में एडमिशन की कोशिश में है और रूटीन में कहीं बाहर नहीं जाता। तो उसे इस तरह के ताने अक्सर घरवालों से सुनने पड़ते हैं। लेकिन अपने बड़े होते, परीक्षा की तैयारी करते बेटे से ऐसी बातें बिल्कुल भी नहीं कहनी चाहिए। इससे उसके मन पर निगेटिव असर पड़ता है और उनका आत्मविश्वास भी कमजोर होता है।

**तुम्हें रोना नहीं चाहिए-** अक्सर छोटे बच्चों खासतौर पर लड़कों को उनके पैरेंट्स कहते हैं कि तुम्हें रोना नहीं चाहिए। या तुम लड़के हो तुम्हें रोना शोभा नहीं देता। ऐसे शब्द बच्चे के बालमन पर गहरा असर डालते हैं। और बेटे को लगने लगता है कि उसके मन की बात कोई नहीं समझता।

**ना करें दूसरों से तुलना -** अगर आप अपने बेटे की तुलना दूसरे बच्चे या भाई-बहन से करते हैं। तो फौरन इस आदत को बंद कर दें। बच्चे की पढ़ाई से लेकर उसकी आदतों की तुलना के लिए ये कहना कि तुम अपने भाई या बहन जैसा नहीं करते। ये बात बेटे के मन को दुखी करती है और उसका आत्मविश्वास कमजोर होता है। वहीं कई बार बच्चे के मन में अपने भाई या बहन के प्रति द्वेष की भावना भी आने लगती है।

**तुम्हीं ने झगड़ा शुरु किया होगा-** बेटे का घर से बाहर झगड़ा हो गया या फिर घर में ही बहन से झगड़ा हो गया। तो बिना उसका पक्ष जाने ये कहना कि गलती तुम्हारी होगी, तुम्हीं ने झगड़ा शुरू किया होगा। गलत है। इस तरह की बातों से बेटे के मन में पैरेंट्स के प्रति प्यार कम होने लगता है। बेटे सोचते हैं कि उसके माता-पिता उसे हमेशा गलत सोचते हैं। साथ ही बेटे के मन में दूरियां भी पैदा होने लगती हैं।

# लटकती तोंद से छुटकारा दिला सकते हैं अदरक



**HEALTH TIPS**

अदरक का ज्यादातर इस्तेमाल चाय बनाने से लेकर भोजन का स्वाद बढ़ाने तक के लिए किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं अदरक बढ़ते मोटापे से भी आसानी से छुटकारा दिला सकता है...

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

आज ज्यादातर लोगों के लिए बढ़ता मोटापा, किसी बड़ी समस्या से कम नहीं है। जरूरत से ज्यादा मोटापा ना सिर्फ व्यक्ति की परसनालिटी खराब करता है बल्कि कुछ समय बाद सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का कारण भी बनने लगता है। मोटापा सबसे पहले आपकी कमर और पेट के आसपास नजर आना शुरू होता है,जिसे कम करना सबसे अधिक मुश्किल काम होता है। अगर आप भी पेट के आसपास जमे जिद्दी फैट को बर्न करने के लिए आसान उपाय खोज रहे हैं तो आपकी रसोई में रखा अदरक आपकी मदद कर सकता है। रसोई में अदरक का ज्यादातर इस्तेमाल चाय बनाने से लेकर भोजन का स्वाद बढ़ाने तक के लिए किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं अदरक आपको बढ़ते मोटापे से भी आसानी से छुटकारा दिला सकता है। आइए जानते हैं कैसे।





### वेट लॉस के लिए ऐसे करें अदरक का इस्तेमाल

**अदरक और नींबू की चाय-** वेट लॉस के साथ मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने के लिए नींबू के रस के साथ अदरक का सेवन करें। अदरक के इस उपाय से भूख कम लगने के साथ मोटापा भी कम होने लगता है। इस उपाय को करने के लिए सबसे पहले एक अदरक को छोटे टुकड़ों में काटकर एक कप पानी में उबालकर छान लें।इसमें नींबू का रस मिला लें। अब इस चाय को दिन में 2 से 3 बार पीने से वेट लॉस में मदद मिलेगी।



**अदरक का पानी -** मोटापा कम करने के लिए आप अदरक के रस की कुछ बूंदों को पानी के गिलास में मिलाकर सुबह के समय पी सकते हैं। इसके अलावा आप इस पानी को थोड़ा-थोड़ा करके पूरा दिन भी पी सकते हैं। ऐसा करने से भी वेट लॉस में मदद मिलती है। आप चाहे तो इस पानी का स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें कुछ बूंदें नींबू और शहद की भी मिला सकते हैं।

**अदरक और एप्पल साइडर विनेगर-** अदरक के साथ एप्पल साइडर विनेगर का उपयोग भी वेट लॉस में मदद कर सकता है। इस उपाय को आजमाने के लिए आप गर्म पानी में एक टी बैग डालकर अदरक की चाय तैयार कर सकते हैं। सिरका डालने से पहले इसे ठंडा होने दें। बहुत गर्म पानी सिरके में मौजूद बैक्टीरिया को मार देगा,जिससे उसके प्रोबायोटिक इफेक्ट कम हो जाएंगे।

**अदरक में मौजूद पोषक तत्व और फायदे-** अदरक में मौजूद एंटी-इंफ्लामेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण वेट लॉस करने,ब्लोटिंग को घटाने,कब्ज दूर करने और पाचन को सुधारने में फायदेमंद होते हैं। शोध में पता चला है कि मोटापा की वजह से व्यक्ति को ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन हो सकती है। ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस शरीर में मुक्त कणों यानी फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान की वजह बनते हैं। अदरक के एंटीऑक्सीडेंट गुण फ्री रेडिसल्स को कंट्रोल करने में मदद करके सूजन कम करते हैं। अदरक का शेवन करते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि गर्मियों के मौसम में 3-4 ग्राम से अधिक अदरक का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

*नोट : यह लेख मात्र सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी तरह के प्रयोग या चिकित्सा से पहले विशेषज्ञ की राय अवश्य लें।*

## विकासशील देशों की कर क्षमताओं का विस्तार

# वैश्विक दक्षिण के देशों को सतत विकास लक्ष्यों के वित्तपोषण में सहायता करने के लिए भारतीय अध्यक्षता का प्रगतिशील दृष्टिकोण

साल 2023 अंतर्राष्ट्रीय कराधान के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण वर्ष है, क्योंकि बहुपक्षीय सहयोग के माध्यम से सौ साल से अधिक पुरानी कर संहिताओं को फिर से लिखा जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि मौजूदा कर कानून लगभग अप्रचलित हो गए हैं और इसलिए अर्थव्यवस्था के लगातार बढ़ते डिजिटलीकरण और वैश्वीकरण की कर संबंधी चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम नहीं हैं। परिणामस्वरूप, अंतर्राष्ट्रीय कर सहयोग में बहुपक्षवाद की शक्तियों का उदाहरण पेश किया गया है, जिसकी शुरुआत 'आधार-क्षय और लाभ-स्थानांतरण' परियोजना से हुई है। डिजिटल अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटने के लिए समाधान तैयार करने के ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, कर नीति में सुधार, क्षमता-बाधित और छोटे कर प्रशासनों के लिए बस शुरुआत भर है।

भारतीय अध्यक्षता ने विकासशील देशों की कर क्षमताओं में विस्तार को; अंतर्राष्ट्रीय कर-संरचना के किसी भी बदलाव की सफलता तथा घरेलू संसाधन जुटाने के लक्ष्यों में सुधार करने के प्रमुख घटकों के रूप में पहचान की। ये दोनों घटक साथ-साथ होने वाले लाभ हैं। विकासशील सदस्य देशों के सन्दर्भ में सतत विकास लक्ष्यों से जुड़ी व्यापक उपलब्धि सुनिश्चित करने के लिए कर क्षमताओं में विस्तार की रणनीति अनिवार्य रूप से कार्यान्वयन प्रयासों से पहले तैयार की जानी चाहिए। क्षमता निर्माण भी सच्चे बहुपक्षवाद का एक महत्वपूर्ण घटक है- जो यह सुनिश्चित करता है कि परिकल्पित सुधारों से लाभ उठाने में कोई भी कर क्षेत्राधिकार पीछे न छूट जाए।

अंतर्राष्ट्रीय कर-संरचना के बदलाव के शीर्ष पर होने के कारण, वर्तमान सुधार में भाग लेने वाले विकासशील सदस्य देशों के क्षेत्राधिकार के लाभों को सुधार के प्रत्येक प्रयास में प्रभावी भागीदारी के माध्यम से ही हासिल किया जा सकता है। विकासशील देशों के कर प्रशासन की भागीदारी क्षमताओं में विस्तार, यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं के परिणामस्वरूप एक ऐसी कर-व्यवस्था तैयार की जा सके, जो निष्पक्ष, आधुनिक और न्यायसंगत हो। मूल कर नीति से आगे बढ़ते हुए, कर क्षमताओं का निर्माण क्षेत्राधिकारों को ऐसे नीति विकल्प तैयार करने की भी अनुमति देता है, जिनकी जानकारी अनुभवजन्य विश्लेषण से प्राप्त हुई हो। यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि अतीत में कई विकासशील क्षेत्राधिकारों ने 'खराब नीतियां' अपनाकर भारी कीमत चुकाई है- यानि, ऐसी नीतियां जो उनके न्यायक्षेत्रों के लिए उपयुक्त या उचित नहीं हैं। विशेष रूप से विकासशील सदस्य देशों के क्षेत्राधिकारों के लिए कर प्रशासन की भागीदारी क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ न्यायसंगत कर सुधार के सन्दर्भ में नीति विकल्पों को सक्षम करने की दिशा में, भारतीय अध्यक्षता ने जून, 2023 में वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए 'द्वि-स्तंभ समाधान' के प्रभाव को समझने के विषय पर पहला घरेलू कार्यक्रम आयोजित किया। विकासशील देशों के जिनेवा स्थित फोरम, साउथ सेंटर के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। पहले आयोजन की सफलता से प्रोत्साहित होकर, भारतीय अध्यक्षता ने एशियाई विकास बैंक और विश्व बैंक के सहयोग से एशिया प्रशांत टैक्स हब फ्रेमवर्क के तहत अंतर्राष्ट्रीय

**जालंधर ब्रीज**



**रश्मि रंजन दास**

(भारत सरकार की मुख्य आयकर आयुक्त हैं।)

**उमा महेश्वरी आर**

(अपर आयकर आयुक्त हैं।)

कराधान विषय पर 3 से 5 अक्टूबर, 2023 तक तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में एशिया प्रशांत क्षेत्र के लगभग 20 विकासशील देशों के कर प्रशासकों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया, जिसमें ओईसीडी/जी-20 समावेशी रूपरेखा के तत्वावधान में वर्तमान वार्ता में भाग नहीं लेने वाले सदस्य देशों के प्रतिनिधि भी शामिल थे।

क्षमता निर्माण से संबंधित विभिन्न घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने के बाद, भारत की अध्यक्षता ने क्षमता निर्माण और दो-स्तंभ वाले समाधान से संबंधित उच्चस्तरीय नीतिगत संवाद में जी-20 के सदस्यों को शामिल करने के महत्व को पहचाना। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ साझेदारी करते हुए, क्षमता निर्माण और दो-स्तंभ वाले समाधान से संबंधित जी20-आईएमएफ उच्चस्तरीय संवाद को वास्तव में सभी क्षेत्राधिकारों में कर संबंधी क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से बहुपक्षीय रणनीति विकसित करने हेतु डिजाइन किया गया था। अक्टूबर 2023 में जी-20 वित्त मंत्रियों एवं केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों की चौथी बैठक के मौके पर आयोजित नीतिगत संवाद में जी-20 के सभी सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहायकों व प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाया गया।

इस कार्यक्रम में बोलते हुए, आईएमएफ ने अंतर्राष्ट्रीय कर सुधारों को लागू करने, सरलीकरण, कर प्रोत्साहनों को फिर से डिजाइन करने और व्यापक सुधार प्राथमिकताओं को कार्यान्वित करने के आधारों से जुड़े महत्वपूर्ण सूचकांकों पर कर क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में बातचीत की शुरुआत करने का पक्ष लेने के साथ-साथ सुधार एवं इसके कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिए सभी हितधारकों के साथ साझेदारी करने की मुद्रा कोष की प्रतिबद्धताओं पर भी जोर दिया। अपने संबोधन में, ओईसीडी ने सही ही कार्यान्वयन के समर्थन के मामले में सभी के लिए एक ही दृष्टिकोण उपयुक्त नहीं होने के तथ्य को स्वीकार किया और टैक्स इंस्पेक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (टीआईडब्ल्यूबी) पहल के माध्यम से कार्यान्वयन के समर्थन की दिशा में किए गए प्रयासों का विस्तृत ब्यौरा दिया। संयुक्त राष्ट्र, यूनाइटेड किंगडम, इंडोनेशिया और विश्व बैंक के वक्ताओं ने दो-स्तंभ वाले अंतरराष्ट्रीय कर पैकेज के संबंध में क्षमता निर्माण के व्यापक एजेंडे पर चर्चा की और विकासशील देशों में रणनीतिक प्रतिक्रियाओं की व्यवहार्यता व संभावित प्रभाव पर प्रकाश डाला। इन रणनीतिक प्रतिक्रियाओं में दो-स्तंभ वाले पैकेज में वैकल्पिक प्रावधानों को अपनाने एवं डिजाइन करने, कॉरपोरेट कर आधार (क्षमता के आधार पर) की रक्षा के लिए सरलीकृत दृष्टिकोण का उपयोग करने और निवेश कर प्रोत्साहनों को नया स्वरूप देने की बातें शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र ने महत्वपूर्ण रूप से यह टिप्पणी की कि विकासशील देशों को जो चाहिए, उसे विदहोल्डिंग टैक्स जैसे उपकरणों के माध्यम से आसानी से पूरा किया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र ने यह भी कहा कि सभी सदस्य देशों के क्षेत्राधिकारों में कर क्षमता संबंधी व्यापक भिन्नता को देखते हुए किसी भी अंतरराष्ट्रीय कर सुधार के कार्यान्वयन की गति आवश्यक रूप से भिन्न होनी चाहिए।

भारत की अध्यक्षता ने एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता के रूप में विकासशील क्षेत्राधिकारों की कर क्षमताओं में वृद्धि के साथ, पूरे वर्ष भर अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ साझेदारी करके वास्तविक प्रशिक्षण के साथ-साथ सभी हितधारकों के साथ मिलकर कर क्षमताओं को बढ़ाने की रणनीति बनाकर सभी स्तरों पर क्षमता निर्माण की दिशा में प्रयास किया। विकासशील देशों की कर क्षमता बढ़ाने के महत्व को आईएमएफ के सितंबर, 2023 के स्टाफ चर्चा नोट द्वारा रेखांकित किया गया है। उक्त नोट में यह कहा गया है कि विशेष रूप से कम आय वाले विकासशील देशों (एलआईडीसी) के संदर्भ में 'कर प्रणाली में सुधार और संस्थागत क्षमता निर्माण के संयोजन के माध्यम' से कर-से-जीडीपी अनुपात में 9 प्रतिशत अंक की आश्चर्यजनक वृद्धि संभव है। वर्ष 2023 तक क्षमता निर्माण पर समान प्राथमिकता के साथ कर नीति में सुधार करने की भारत की अध्यक्षता की रणनीति ने विकासशील देशों के लिए राजस्व बढ़ाने का एक संरचनात्मक प्रोत्साहन तैयार किया है। भारत की अध्यक्षता ने विकासशील सदस्य देशों की कर क्षमताओं के निर्माण में अच्छा खासा ध्यान किया है ताकि विकासशील देश बाहरी मदद के बिना अपने स्वयं के सतत विकास लक्ष्यों को वित्तपोषित कर सकें।

भारत, अध्यक्षता की समयावधि के बाद भी, विकासशील देशों की कर क्षमताओं को समग्र रूप से बढ़ाने हेतु सभी संस्थागत हितधारकों एवं इच्छुक सदस्य देशों के साथ साझेदारी करना जारी रखेगा। कराधान हमारी विकास कहानी का एक अभिन्न अंग होगा और यह मानव-केन्द्रित विकास के लिए घरेलू संसाधन जुटाने के प्रयासों में ग्लोबल साउथ की कुंजी होगी।

# केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारत सरकार के कैलेंडर 2024 का अनावरण किया

**केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर** ने "हमारा संकल्प विकसित भारत" की थीम के साथ भारत सरकार का कैलेंडर 2024 लॉन्च किया। कैलेंडर 2024 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत जन अनुकूल नीतियों की रचना तथा योजनाओं और पहलों के कार्यान्वयन के माध्यम से भारत की जनता के जीवन में आए सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिवर्तन को दर्शाता है। इस अवसर पर अपने संबोधन में ठाकुर ने सरकार की कई उपलब्धियों को याद किया, जिनसे संबंधित तस्वीरें कैलेंडर के पन्नों की शोभा बढ़ा रही हैं।

ठाकुर ने कहा कि भारत ने आत्मनिर्भर बनने की दिशा में शानदार प्रगति की है। जो देश मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा आयातक था, वह आज दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। जो देश कभी वैक्सीन आयात करता था, वह अब वैक्सीन मैत्री के तहत पूरी दुनिया को वैक्सीन बांट रहा है। भारत आज विनिर्माण






के क्षेत्र में अपार सफलता हासिल कर चुका है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि जिन स्थानों पर भारत की उपस्थिति नगण्य थी, वहां भी भारत अब एक महत्वपूर्ण शक्ति बन चुका है। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत आज तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है।

ठाकुर ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण को सर्वोपरि मानती है और यह एक ओर उज्ज्वला योजना और दूसरी ओर ड्रोन दीदी के रूप में परिलक्षित होता है। किसान कल्याण के विषय में, ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार ने ही स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू की। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार ने किसानों की समृद्धि पर अब तक 2.8 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

पारदर्शिता एवं जवाबदेही इस सरकार के आदर्श हैं और इन्हीं मूल्यों ने एक समय पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक माने जाने वाले भारत को आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की स्थिति तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इन मूल्यों की भावना का संचार शीर्ष स्तर से होता है।

एक आशावादी दृष्टिकोण के साथ अपने संबोधन का समापन करते हुए, ठाकुर ने कहा कि 2023 समाप्त होने के साथ ही 2024 अवसरों की एक नई सुबह लेकर आ रहा है। दुनिया भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है, दुनिया नेतृत्व के लिए भारत की ओर देख रही है।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने "हमारा संकल्प विकसित भारत" विषय पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया।

### कैलेंडर के बारे में जानकारी

**प्रत्येक महीना पिछले नौ वर्षों में भारत सरकार द्वारा किए गए वादों को पूरा करने के माध्यम से महिलाओं, युवाओं, मध्यम वर्ग, किसानों और समाज के हर वर्ग के लोगों के चेहरों पर आई मुस्कान को दर्शाता है। यह 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के वादे को साकार करने के लिए कई सरकारी एजेंसियों और अधिकारियों द्वारा किए गए अथक प्रयासों के प्रति सम्मान व्यक्त करता है।**

**जनवरी :** जब हम नए साल में प्रवेश कर रहे हैं, हम वर्ष के पहले महीने के लिए 'संभावनाओं को बढ़ाना, भारत को आत्मनिर्भर बनाना' की थीम पर नवाचार और मजबूती की भावना को अपनाते हैं। भारत ने "मेक इन इंडिया" और "मेक फॉर द वर्ल्ड" जैसी पहलों के कारण बेमिसाल सफलता अर्जित की है और जनवरी की थीम आत्मनिर्भर और सशक्त भविष्य की दिशा में हमारे सामूहिक प्रयासों की याद दिलाती है।

**फरवरी :** आगे बढ़ते हुए, हम फरवरी का उत्सव "राष्ट्रीय विकास के लिए युवा शक्ति" की थीम के साथ मनाते हैं। उद्यमिता को बढ़ावा देने से लेकर प्रौद्योगिकी को अपनाने तक, फरवरी युवाओं के योगदान को बढ़ाने, देश को एक उज्ज्वल और अधिक समावेशी भविष्य की ओर प्रेरित करने का आह्वान करती है।

**मार्च :** गरीबों की सेवा और हाशिये पर रहने वाले लोगों का उत्थान करना मोदी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। मार्च महीने की थीम 'वंचितों को प्राथमिकता' है, यह एक अनुस्मरण है कि सच्ची प्रगति उन लोगों को सहायता प्रदान करने में निहित है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। इसके लिए यह सुनिश्चित करना है कि हमारे कार्य और नीतियां समावेशिता एवं न्याय के प्रति समर्पण को प्रतिबिंबित करें।

**अप्रैल :** महिलाएं समाज में अहम भूमिका निभाती हैं;उनकी प्रगति के बिना समाज की समग्र प्रगति रुक जाती है। अप्रैल की थीम हर क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने, एक ऐसे भविष्य को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने को प्रोत्साहित करती है, जहां उनका नेतृत्व और योगदान निर्णय लेने एवं सतत विकास में महत्वपूर्ण हो सकता है।

**मई :** हमारे समर्पित किसानों के अविश्वसनीय काम को प्रमुखता देना, इस महीने का मुख्य आकर्षण है। यह कृषि उन्नति के लिए नीतियों, स्थायी तौर-तरीकों का समर्थन और देश के अन्नदाताओं का कल्याण, सुनिश्चित करने पर सरकार द्वारा दिए गए महत्व पर बल देता है।

**जून :** पिछले दस वर्षों में, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा और मुद्रा योजना जैसी विभिन्न सरकारी पहलों से भारत में नौकरियों की संख्या, स्व-रोज़गार की संभावनाओं और व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस महीने की थीम 'रोजगार और स्व-रोजगार के अवसरों में वृद्धि' के साथ रोजगार सृजन और उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसके फलस्वरूप आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है।

**जुलाई :** जुलाई हमारे समाज के मुख्य आधार, मध्यम वर्ग का उत्सव मनाने से संबंधित है। उनकी कड़ी मेहनत 'न्यू इंडिया' की भावना को परिभाषित करती है और वे विकास व नवाचार को बढ़ावा देने में सबसे आगे हैं। हमारी सरकार ने मध्यम वर्ग के लाभ के लिए 'जीवन यापन में आसानी' की दिशा में लगातार काम किया है।

**अगस्त :** अगस्त का महीना विश्व आर्थिक मंच पर भारत के बढ़ते महत्त्व को दर्शाता है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसी प्रमुख पहलों के साथ, भारत ने दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अपना मार्ग प्रशस्त किया है।

**सितम्बर :** अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ आधुनिक अवसंरचना में महत्वपूर्ण निवेश से लेकर व्यापक परिवहन नेटवर्क तक, सितंबर माह देश की प्रगति के लिए एक सुदृढ़ आधारशिला निर्माण में पिछले दस वर्षों में देश द्वारा की गई परिवर्तनकारी कदमों का प्रमाण है।


**अक्टूबर :** अक्टूबर का महीना हमें देश के स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाने वाले आयुष्मान कार्डों, जन औषधि केंद्रों और नए एम्स व जिला अस्पतालों के साथ ही आम जन तक स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच तथा क्षमताओं में हुई बढ़ोतरी पर बल देकर स्वस्थ भारत के दृष्टिकोण का उत्सव मनाने के लिए आमंत्रित करता है।

**नवंबर :** नवंबर की थीम हमारी अंतर्निहित जीवंत संस्कृति पर गर्व करने से लेकर विभिन्न कला रूपों को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक वंशावली को सशक्त करने के उद्देश्य से देश के सांस्कृतिक विरासत स्थलों को संरक्षित करने तथा समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए हमारे मूल्यों व संस्कृति को सहेज कर रखने से संबंधित है।

**दिसंबर :** दिसंबर में भारत ने वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श वाक्य- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य और मिशन लाइफ जैसी महत्वपूर्ण पहल के साथ विश्व मित्र के रूप में स्वयं को स्थापित किया है।

इस कैलेंडर को राष्ट्र के विकास और उन्नति के प्रति हमारे समर्पण को दैनिक आधार पर याद दिलाने के लिए भी तैयार किया गया है। यह कैलेंडर सभी को दृढ़ संकल्प, एकता और साझा दृष्टिकोण के साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है और सभी भारतीयों को देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक संपन्न एवं विकसित भारत बनाने की दिशा में यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरणा देता है।

## लेफ्टिनेंट जनरल नागेंद्र सिंह ने चेतक कोर के नए कमांडर की कमान संभाली



**जालंधर ब्रीज :** लेफ्टिनेंट जनरल नागेंद्र सिंह ने 01 जनवरी, 2024 को 34वें जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में चेतक कोर की कमान संभाल ली है। कल 31 दिसंबर 2023 को लेफ्टिनेंट जनरल संजीव राय, एक वर्ष से अधिक के सफल कार्यकाल के बाद चेतक कोर से सेवानिवृत्त हो गए थे। लेफ्टिनेंट जनरल नागेंद्र सिंह 1989 में पंजाब रेजिमेंट में बतौर अधिकारी शामिल हुये । उन्होंने भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में बतौर कैडेट तथा रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंग्टन और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, नई दिल्ली में अग्रिन सैनिक प्रक्षिशण प्राप्त किया । जनरल अफसर को देश की सभी सीमाओं पर चुनौतीपूर्ण माहौल में कार्य करने का अनुभव प्राप्त है। सैन्य जीवन के दौरान उन्हें अनेको सैन्य पुरस्कारों व सम्मानों से भी सम्मानित किया गया जैसे की अति विशिष्ट सेवा पदक, युद्ध सेवा पदक और सेना पदक (वीरता)।

चेतक कोर की कमान संभालने के पश्चात् जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने चेतक कोर के सभी सैनिको, उनके परिवारों, भूतपूर्व सैनिको तथा वीर नारियों को शुभकामनाएं दीं। कोर कमांडर ने उपस्थित सैनिकों से भारतीय सेना के मूल्यों के उच्च मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया।

## भारत ने दुनिया को निराश नहीं किया

**साल 2023** चिंता और आशंकाओं के साथ शुरू हुआ था। कोरोना की दहशत हवा में फैलती दिख रही थी। विश्व बैंक को तो डर लग रहा था कि कहीं हम 1970 जैसी बड़ी आर्थिक मंदी के मुहाने पर तो नहीं खड़े हैं। हालांकि, इसके साथ ही उसने भरोसा जताया था कि दुनिया भर में मंदी की चिंता के बीच भारत से ही यह उम्मीद दिखती है कि वह सबसे अच्छी तरह इस परिस्थिति से मुकाबला कर सकता है और साल खत्म होते-होते कम से कम यह बात दावे के साथ कही जा सकती है कि भारत ने विश्व बैंक को निराश नहीं किया। इस बार लग रहा है कि एक ऐसा साल गया, जिसमें तमाम चुनौतियों के बावजूद काफी कुछ हासिल भी हुआ और आने वाले साल ही नहीं, आने वाले कई सालों के लिए एक मजबूत बुनियाद भी तैयार हुई है। हालांकि, चुनौतियां भी हैं और बहुत बड़ी भी, पर यह साफ है कि भारत अब एक नई छलांग के लिए तैयार है। वह छलांग, जिसका इंतजार काफी समय से हो रहा था, कहा जा रहा था कि हाथी कैसे छलांग लगाएगा? हाथी की चाल पर सवाल उठाने वाले शायद भूल गए कि 2022 चीन के कैलेंडर में बाघ का साल था, बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है, और टाइगर इकोनॉमीज या दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों से मुकाबले के लिए एक दमदार प्रतीक भी, पर 2023 खरगोश का साल है और खरगोश इस बार चीन के बजाय भारत की तरफ से दौड़ पड़ा है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता- एक फायदेमंद सौदा

साल भर पहले लागू होने वाला भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता (इंडऑस ईसीटीए) इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि कैसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की प्रमुख पहलों को मद्देनजर रखते हुए सभी हितग्राहियों के साथ व्यापक परामर्श के बाद सूझ-बूझ के साथ योजना बनाई जाती है तथा आम आदमी समेत छोटे एवं मध्यम उद्योग के लाभ के लिए प्रभावी ढंग से उन्हें क्रियान्वित किया जाता है। इंडऑस ईसीटीए दो क्रिकेट-प्रेमी देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद समझौता है, जो हमारे अमृत काल में आत्मविश्वासी और आकांक्षी नए भारत के वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

यह दो संसदीय लोकतंत्रों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करता है, जो कानून के शासन का समर्थन करते हैं और समान कानूनी प्रणालियां रखते हैं। दोनों देश जापान और अमेरिका के साथ क्वाड का हिस्सा हैं। दोनों देश जापान के साथ त्रिपक्षीय आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन पहल (एससीआरआई) में शामिल हो गए हैं। दोनों देश 14-सदस्यीय इंडो पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के भी सदस्य हैं। मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) एक दशक से अधिक समय में किसी विकसित देश के साथ भारत की पहली व्यापार संधि है, जिसमें अपार क्षमता निहित है। भारत मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया से कच्चा माल और मध्यवर्ती सामान आयात करता है, जबकि इसका निर्यात मुख्य रूप से तैयार उत्पाद हैं। इसलिए, एफटीए भारतीय उद्यमियों की उत्पादन लागत को कम करेगा और उनके सामान को घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा। इससे भारतीय स्टार्ट-अप को आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर भी मिलते हैं।

निर्यात में मजबूत वृद्धि

आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि इंडऑस ईसीटीए ने एक बहुत ही आशाजनक शुरुआत की है, जिसने मोदी सरकार के इस विश्वास को मजबूत किया है कि इससे श्रम-केंद्रित क्षेत्रों में लाखों नौकरियां पैदा करने में मदद मिलेगी, क्योंकि भारतीय उत्पादों को विशाल ऑस्ट्रेलियाई बाजार में शत-प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलती है। अप्रैल-नवंबर 2023-24 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का माल निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ा है, जो चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में बाकी दुनिया के साथ भारत के व्यापार की तुलना में निर्णायक रूप से बेहतर प्रदर्शन है। प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं में मांग सिकुड़ गई है। ऑस्ट्रेलिया का कुल आयात चार प्रतिशत कम हो गया है, लेकिन भारत से इसकी खरीदारी जोरदार तरीके से बढ़ी है। ऑस्ट्रेलिया से भारत का आयात 19 प्रतिशत कम हो गया है, जिससे व्यापार घाटे में 39 प्रतिशत कमी आ गई है। रोजगार का सृजन करने वाले क्षेत्रों में प्रेफेंशियल लाइन्स के तहत ऑस्ट्रेलिया को निर्यात में जोरदार वृद्धि हुई।

**जालंधर ब्रीज**



**पीयूष गोयल**

(लेखक वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, उपभोक्ता मामले और वस्त्र मंत्री हैं)

ऑस्ट्रेलिया को इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात अप्रैल-अक्टूबर 2023-24 में 24 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि कुल निर्यात में केवल एक प्रतिशत की वृद्धि हुई। रेडीमेड कपड़ों में, ऑस्ट्रेलिया को शिपमेंट में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कुल निर्यात में गिरावट आई। आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ईसीटीए) ने ऑस्ट्रेलिया को इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और प्लास्टिक के शिपमेंट में इन क्षेत्रों में समग्र निर्यात से बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की। इसके अलावा, भारत ऑस्ट्रेलिया को 700 से अधिक नई वस्तुओं का निर्यात कर रहा है। वर्ष 2023-24 के पहले 10 महीनों में ये निर्यात 335 मिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जिसमें 65 मिलियन डॉलर के स्मार्टफोन भी शामिल हैं। अन्य नए उत्पादों में रत्न और आभूषण क्षेत्र की कई वस्तुएं, लाइट ऑयल, गैर-औद्योगिक हीरे और साथ ही रेशम से बने स्कर्ट और कपड़े शामिल हैं।

एफडीआई में बड़ा उछाल

हमारे व्यापार साझीदार मानते हैं कि प्रधानमंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था को सराहनीय ढंग से आगे बढ़ाया है, जिससे इस उथल-पुथल भरी दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था आशा की किरण बन गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, भारत 2047 तक एक विकसित देश बनने की राह पर है। हमारे व्यापारिक साझेदार इस ताकत को पहचानते हैं और कृषि व डेयरी जैसे हमारे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा के बारे में हमारी चिंताओं को समझते हैं। भारत के विकास पथ में विश्वास, निवेशक अनुकूल नीतियों और प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किए गए परिवर्तनकारी सुधारों के साथ इंडऑस ईसीटीए ने भारत को ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों के लिए और भी अधिक आकर्षक बना दिया है। इस वर्ष जनवरी से सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया से कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़कर 307.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो पूरे 2022 में प्राप्त 42.43 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सात गुना है। परामर्श सेवाओं में एफडीआई 2022 में 0.15 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मामूली स्तर से बढ़कर 248 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। सेवा क्षेत्र में काफी वृद्धि दर्ज की गई है।

भारत के आईटी और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात ने अपनी मजबूत गति जारी रखी। शिक्षा, ऑडियो-विजुअल सेवाओं और मोबिलिटी के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया के साथ अन्य द्विपक्षीय समझौतों से ईसीटीए की गति में इजाफा हुआ है। इसके कारण व्यापार गतिशीलता में 50 प्रतिशत से अधिक और भारतीय छात्रों के लिए अध्ययन के बाद के कामकाजी-वीजा में लगभग शत-प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई। यह इस दिशा में उल्लेखनीय कदम है। ईसीटीए के बाद दोहरे कराधान से मुक्त भारतीय आईटी उद्योग अब समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहा है। उद्योग जगत के कुछ अनुमानों के अनुसार, पिछले वर्ष इसने करोड़ों डॉलर की बचत की है। ईसीटीए की सफलता से उत्साहित होकर नैसकॉम, ऑस्ट्रेलिया में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए आईटी क्षेत्र में एसएमई को सुविधा प्रदान करने के संबंध में एक तंत्र स्थापित कर रहा है। व्यापार सौदों के लिए नया दृष्टिकोण इंडऑस ईसीटीए और पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात के साथ इसी तरह के समझौते पर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय वाणिज्य मंडलों, निर्यातकों, उद्योग-विशिष्ट समूहों, अर्थशास्त्रियों, व्यापार विशेषज्ञों, विभिन्न मंत्रालयों और विभाग सहित उद्योग के हर वर्ग के साथ व्यापक परामर्श के बाद हस्ताक्षर किए गए थे। उद्योग जगत के दिग्गजों ने दोनों एफटीए की काफी सराहना की। यह पिछले व्यापार समझौतों की तुलना में एक बड़ा कदम है, जिनमें इतना व्यापक परामर्श शामिल नहीं था। प्रधानमंत्री श्री मोदी इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि हर नीति या समझौता राष्ट्रीय हित में होना चाहिए और देश के लिए लाभकारी होना चाहिए। इसी भावना से, हमने मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया और यूएई के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं तथा वही मार्गदर्शक सिद्धांत अन्य देशों के साथ बातचीत को आकार दे रहे हैं। हम निष्पक्ष, पारदर्शी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद समझौतों की आकांक्षा रखते हैं, जो हमारे व्यवसायों को प्रतिस्पर्धी बनाते हैं, उनके लिए नए बाजार खोलते हैं, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि ये एफटीए व्यापार और वाणिज्य का विस्तार करते हैं तथा आर्थिक विकास को गति देते हैं। इससे रोजगार और व्यापार के अवसर पैदा होते हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए ने अपने पहले वर्ष में यह कर दिखाया है।

# जालंधर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में गबन की जांच सीबीआई से कराई जाए : भाजपा

### जालंधर स्मार्ट सिटी भ्रष्टाचार घोटाले को चालाकी के साथ छुपाने में लगी आप सरकार: जयवीर शेरगिल

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए जालंधर नगर निगम को भेजे गए केंद्रीय फंडों के दुरुपयोग की सीबीआई जांच के आदेश देने का विनम्र अनुरोध किया है। यहां जारी एक बयान में शेरगिल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पंजाब सरकार के माध्यम से जालंधर नगर निगम को 1000 करोड़ रुपये की भारी भरकम ग्रांट भेजी गई थी, लेकिन कुछ नगर निगम अधिकारियों, ठेकेदारों और राजनेताओं की मिलीभगत से इन फंडों में भारी गबन हुआ है। उन्होंने कहा कि सीबीआई की जांच ही इस बड़े भ्रष्टाचार घोटाले में शामिल दोषियों को सजा दिला सकती है। शेरगिल ने मामले का विस्तार से जिक्र करते हुए, कहा कि केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कूड़े की समस्या को स्थायी रूप से हल करने के अलावा, स्वच्छ पानी, शानदार सड़कें, अच्छी स्ट्रीट लाइटें और बढ़िया सीवरेज प्रणाली सहित बेहतरीन नागरिक सुविधाएं प्रदान करने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए जालंधर नगर निगम को 1000 करोड़ रुपये की ग्रांट दी गई थी। लेकिन नगर निगम अधिकारियों और राजनीतिक दलों के नेताओं की मिलीभगत से ठेकेदारों ने यह आश्वासन देते हुए कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया जाएगा, जिसके चलते उन्होने अधिक रेट वाले टेंडर पेश किए।

जबकि टेंडर दिए जाने के बाद ठेकेदारों ने इन प्रोजेक्ट्स में बेहद खराब गुणवत्ता वाली सामग्री का इस्तेमाल किया और नगर निगम अधिकारियों व राजनेताओं की मिलीभगत से नाजायज तरीके से भारी पैसा कमाया। यह केंद्र सरकार के फंडों के गबन का स्पष्ट मामला है। इसके अलावा, इस प्रोजेक्ट के सभी टेंडर राजनेताओं ने नगर निगम अधिकारियों के साथ मिलकर अपने पसंदीदा ठेकेदारों और उनके परिवार के सदस्यों को उनके नाम पर कंपनियां बनाकर दे दिए, जो साफ तौर पर एक बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि आप सरकार के नेता बार-बार दोहराते रहते हैं कि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएंगे और पंजाब में पिछली कांग्रेस सरकार के नेताओं द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी, लेकिन जालंधर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट फंड भ्रष्टाचार घोटाले में दोषियों को दंडित करने के लिए कुछ भी नहीं किया गया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कांग्रेस और आप के नेता, जालंधर नगर निगम के अधिकारी, ठेकेदार और कुछ सेवानिवृत्त सिविल अधिकारी, जिन्हें स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए गैरकानूनी तरीके से नियुक्त किया गया था, इस पूरे घोटाले में शामिल हैं।

इस दौरान अपने दावों को मजबूती के साथ पेश करते हुए, भाजपा नेता ने कहा कि भले ही पंजाब सरकार के विजिलेंस विभाग ने पिछले दो वर्षों में जालंधर नगर निगम के विभिन्न प्रोजेक्ट्स की लगभग 64 फाइलें जब्त कर ली हैं, लेकिन जालंधर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मेगा भ्रष्टाचार घोटाले में किसी भी आरोपी को न तो गिरफ्तार किया गया है, न ही संबंधित कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि इस बड़े भ्रष्टाचार घोटाले के आरोपियों और आप सरकार के बीच सांठगांठ है।

# ऑटो वाला निकला डीएसपी का हत्यारा

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

बीते दिन महानगर में हुए डीएसपी दलबीर सिंह हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान ऑटो ड्राईवर विजय कुमार निवासी लांबड़ा के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने चौकाने वाला खुलासा करते कहा कि डीएसपी की पिस्टल को टच करने पर भड़के डीएसपी ने उस पर पिस्तौल तान दी थी जिसके बाद उसने पिस्तौल छीन कर वारदात को अंजाम दिया है। विजय ने पूछताछ में बताया कि 31 दिसंबर की देर रात बीएमसी चौक पुल पर उसे एक सवारी मिली। व्यक्ति ठीक से चल नहीं पा रहा था। व्यक्ति जब ऑटो में बैठा तो उसके पास पिस्टल थी। इसके बाद उसे पता चला कि वह कोई पुलिस अधिकारी है।

डीएसपी दलबीर ने उसे बताया कि उसकी गाड़ी खराब थी। वह अपने दोस्त से मिलने आया था। इसके बाद डीएसपी ने उसे शराब पीने का ऑफर दिया। इसके बाद वह दोनों कचहरी चौक पर एक चिकन कॉर्नर में शराब पीने चले गए। शराब पीने के दौरान उसने डीएसपी की पिस्टल को टच करने की कोशिश की। इस पर दलबीर भड़क गया। उसने कहा कि इसे हाथ नहीं लगाते यह चल जाती है। इसके बाद वह चिकन कॉर्नर से बाहर आ गए। वहां डीएसपी ने एक बोतल शराब की और ली। खोजेवाल जाने के लिए रास्ते में उसने पेट्रोल पंप से उन्होंने तेल भरवाया। वह दोबारा चल पड़े। रास्ते में दलबीर उल्टियां करने लगे। उसने ऑटो रोक दिया। आरोपी ने बताया कि डीएसपी दलबीर सिंह ने उसे गालियां देनी शुरू कर दी जब उसने बस्ती बावा खेल नहर के पास विरोध किया तो डीएसपी ने उस पर पिस्टल तान दी। विजय ने पिस्टल छीनकर डीएसपी के सिर में गोली मारी। इसके बाद लाश को वहीं छोड़कर पिस्टल साथ लेकर घर चला गया। घटना से पहले उन्होंने एक दूसरे को नए साल की बधाई दी थी। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि पुलिस आरोपी तक सीसीटीवी फुटेज के जरिए पहुंची।



### जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने नाबालिग लड़की को कुछ घंटों के भीतर बचाया

कमिश्नरेट पुलिस ने गुरुवार को एक नाबालिग लड़की को अपहरण के कुछ घंटों बाद अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बचाया। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस को 3 जनवरी (बुधवार) को शिकायत मिली थी कि दोपहर में जालंधर कैंट के तोपखाना इलाके से एक अज्ञात व्यक्ति ने एक नाबालिग लड़की (उम्र 6 साल) का अपहरण कर लिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और लड़की को बचाने और मामले को सुलझाने के लिए कई टीमें बनाईं।

## लेफ्टिनेंट जनरल प्रीत पाल सिंह ने संभाली सुदर्शन चक्र कोर की कमान

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

लेफ्टिनेंट जनरल प्रीत पाल सिंह ने 28वें जनरल ऑफिसर



कमांडिंग के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल विपुल शिंगल, सेना मेडल के स्थान पर सुदर्शन चक्र कोर की बागडोर संभाली। सुदर्शन चक्र कोर का कार्यभार संभालने से पहले, वह दक्षिणी कमान मुख्यालय में मेजर जनरल जनरल स्टाफ के पद पर कार्यरत थे।

जनरल ऑफिसर को उनके अनुकरणीय समर्पण और विशिष्ट सेवा के लिए सैन्य संचालन निदेशालय में उनके कार्यकाल के दौरान वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन कार्ड, पश्चिमी कमान में 62 कैवेलरी की कमान के दौरान जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ कमेंडेशन कार्ड से सम्मानित किया गया है। , आर्मी वॉर कोलाज में उनके कार्यकाल के दौरान जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ ARTRAC कमेंडेशन कार्ड और मुख्यालय दक्षिणी कमान में स्टाफ कार्यकाल के दौरान जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ कमेंडेशन कार्ड दिया गया। जनरल ऑफिसर हरियाणा के सिरसा जिले के नागो के गांव के रहने वाले हैं। 1977-1979 तक सैनिक स्कूल, कुंजपुरा, करनाल में अध्ययन करने के बाद, वह 1979-1985 तक मोती लाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स, राय, सोनीपत चले गए। जनरल ऑफिसर ने दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से स्नातक किया है। उन्होंने हॉकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय स्तर पर अपने स्कूल, कॉलेज और हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

## डीसी ने कंप्यूटर कोर्स करने वाले 18 विद्यार्थियों को बांटे सर्टिफिकेट

### अन्य लोगों को भी कम फीस पर कंप्यूटर क्लास का लाभ उठाने का न्योता

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर



डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने गुरुवार को एक साल का कंप्यूटर कोर्स पूरा करने वाले 18 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट बाँटे। यह कोर्स डिप्टी कमिश्नर की अध्यक्षता वाली बाल कल्याण परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है और क्लास रैड क्रॉस भवन, लाजपत नगर में स्थित राजीव गांधी कंप्यूटर इंस्टीच्यूट में चल रही है। छात्रों को अपने जीवन में नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हुए विशेष सारंगल ने कहा कि यह एक साल का कंप्यूटर कोर्स उन्हें अपने कौशल को निखारने और लाभकारी रोजगार पाने में मदद करेगा।

उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अन्य लोगों को कोर्स का लाभ उठाने का न्योता देते हुए, डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए केंद्र में एक समर्पित कर्मचारी तैनात किया गया है और प्रत्येक छात्र से 400 रुपये महीना फीस ली जाती है। उन्होंने बताया कि इस कोर्स के तहत छात्रों को कंप्यूटर फंडामेंटल और ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन टूल्स, आरडीबीएमएस/डीबीएमएस, सी++ (c++), कंप्यूटर अकाउंट, एचटीएमएल और हार्डवेयर जैसे विषय पढ़ाए गए है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि कंप्यूटर कोर्स करने के लिए कोई आयु सीमा नहीं है और जो भी व्यक्ति कोर्स करना चाहता है वह रैड क्रास भवन में संपर्क कर सकता है।

## आयुष्मान कार्ड बंपर ड्रा 9 को

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब सरकार की एक विशेष पहलकदमी आयुष्मान कार्ड दिवाली बंपर ड्रा 9 जनवरी, 2024 को निकाला जा रहा है। यह ड्रा पंजाब राज्य लॉटरी जिला परिषद परिसर, लुधियाना के कैंप दफ्तर में लोगों क मौजूदगी में निकाला जाएगा।

राज्य स्वास्थ्य एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबीता ने कहा कि बिना किसी पक्षपात और पारदर्शिता के ड्रा से 10 भाग्यशाली विजेताओं का चुनाव किया जाएगा और पहला इनाम 1 लाख रुपये, दूसरा इनाम 50000 रुपये और तीसरा इनाम 25000 रुपये होगा। इसी तरह चौथा इनाम 10000 रुपये और पांचवां इनाम 8000 रुपये है जबकि छठा से दसवां इनाम 5000 रुपये होगा। लाभपात्री के ड्रा के बारे में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.sha.punjab.gov.in पर जा सकते है।

## मोहाली तहसील में बनेगा अति-आधुनिक सब-रजिस्ट्रार दफ्तर

**• जालंधर ब्रीज.** मोहाली



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य निवासियों को बिना किसी परेशानी के आसान और पारदर्शी नागरिक सेवाएं देने की वचनबद्धता पर चलते हुए राज्य सरकार द्वारा मोहाली के सब रजिस्ट्रार दफ़्तर को अति-आधुनिक बनाया जा रहा है। इस दफ़्तर में रजिस्ट्री करवाने वालों को एक ही छत के नीचे एक ही दिन में सभी सेवाएं मिलेंगी, और 90 मिनटों के अंदर जायदाद खरीदने वाले रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया मुकम्मल होने पर रजिस्ट्री की कॉपी मिलेगी।

मुख्यमंत्री के निर्देशों पर बन रहे पंजाब के पहले अति-आधुनिक सब रजिस्ट्रार दफ़्तर के कार्य की समीक्षा करने के लिए मुख्य सचिव श्री अनुराग वर्मा द्वारा दौरा किया गया। उन्होंने ज़िला प्रशासनिक कॉम्पलैक्स मोहाली में अलग-अलग दफ़्तरों जैसे कि तहसील दफ़्तर, फ़र्द केंद्र, आर.टी.ए. आदि का औचक दौरा कर वहाँ मौजूद लोगों के साथ सीधी बातचीत करके फीडबैक हासिल की। इस मौके पर सचिव लोक निर्माण विभाग प्रियांक भारती, विशेष सचिव राजस्व केशव हिंगोनिया, डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन, स्टाफ अफ़सर टी. बैनिथ, एस.एस.पी. डॉ. सन्दीप गर्ग, एडीसी (जनरल) विराज एस तिडक़े, एस.डी.एम. चन्दर जोति सिंह, चीफ़ आर्कीटैक्ट मैडम सपना, ज़िला राजस्व अफ़सर अमनदीप चावला, सब रजिस्ट्रार बीरकरन सिंह और तहसीलदार कुलदीप सिंह ढिल्लों भी उपस्थित थे।

## कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह ने लोगों की शिकायतों का मौके पर ही किया निपटारा

### गांवों के विकास के लिए करोड़ों के फंड की घोषणा

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर



लोगों को उनके दरवाजे पर नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए पंजाब सरकार के अहम प्रोग्राम 'सरकार तुहाडे द्वार' अधीन जिले के 15 गांवों में लगाए कैंपों को बढिया प्रतिक्रिया मिली और जिसका हजारों लोगों ने लाभ लिया। कैंप में ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों के तुरंत समाधान से लेकर स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने लोगों की हर शिकायत और मुद्दे को ध्यान से सुना और उनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया।

गांव घुग्ग में एक कैंप के दौरान मंत्री उस समय भावुक हो गए जब एक गरीब महिला कुलविंदर कौर ने बिजली बिल का भुगतान न करने संबंधी उनसे संपर्क किया, जिसके बाद उन्होंने स्वंय ही बकाया बिल का भुगतान कर दिया। एक अन्य महिला की आवेदन पर मंत्री ने पी.एस.पी.सी.एल. को दो दिन के अंदर महिला के घर से ट्रांसफार्मर हटाने का निर्देश दिया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए 'सरकार तुहाडे द्वार' प्रोग्राम के तहत जिले के 15 गांवों में यह कैंप लगाए गए है ताकि लोगों को अपनी शिकायतों के निपटारे के लिए सरकारी दफ्तरों में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को समाज के पिछड़े और कमजोर वर्गों को राज्य सरकार की नीतियों का लाभ दिलाने के लिए प्रत्येक प्रयास करने को कहा।

## भारी मात्रा में अफीम सहित चार नशा तस्कर गिरफ्तार



**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

पंजाब में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। थाना गोराया की पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता हाथ लगी, जब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान ट्रक में छिपा कर अफीम ला रहे चार नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के पास से 63 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। बताया जा रहा है कि उक्त आरोपी चाय पत्ती में अफीम छिपा कर लाते थे। एसएसपी मुखविंदर सिंह भुल्लर ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## देशभक्ति की भावना और उत्साह के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस : कोमल मित्तल

### जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**• जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने जिला प्रशासनिक कांप्लेक्स में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता और परिश्रम से निभाने के निर्देश दिए, ताकि इस महत्वपूर्ण दिन को देशभक्ति और उत्साह की भावना के साथ मनाया जा सके। इस दौरान एस. डी. एम होशियारपुर प्रीतिंदर सिंह बैंस, सुपरडैंट आशा रानी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस संबंधी जिला स्तरीय समारोह पुलिस लाइन ग्राउंड होशियारपुर में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण दिन पर अद्वितीय उपलब्धियों वाली शख्सियतों को सम्मानित भी किया जाएगा, जिसके लिए उन्होंने विभागाध्यक्षों से कहा कि वे अपने अधीन अच्छी सेवाएं देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की सूची संबंधित कार्यालय में समय पर पहुंचाएं। उन्होंने जिला पुलिस को गणतंत्र दिवस पर जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने



को कहा, वहीं पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

कोमल मित्तल ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, अस्थायी शौचालय आदि की व्यवस्था के अलावा मेडिकल टीम की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मार्च पास्ट के लिए अलग-अलग टुकड़ियों का अभ्यास कराने को भी कहा। डिप्टी कमिश्नर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि समारोह के दौरान विभिन्न स्कूली बच्चों की ओर से मास पी.टी व सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे, जिसके लिए कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यालयों का चयन अभी से कर लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी लगन से निभाने के निर्देश दिए, ताकि 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को यादगार बनाया जा सके।

## बाजवा ने मंत्रियों के स्टाफ के लिए नई कार खरीदने को लेकर आम आदमी पार्टी की आलोचना की

### कहा- मुख्यमंत्री होशियारपुर के विपश्यना केंद्र में ध्यान क्यों नहीं कर सके?

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों के लिए नई कारें खरीदने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब राज्य की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल है, आप सरकार को पंजाब के करदाताओं का पैसा बर्बाद करने के बजाय अपने कैबिनेट मंत्रियों की विलासिता और आराम पर समझदारी से खर्च करना चाहिए। बाजवा ने पूछा कि क्या उन्हें बताना चाहिए कि उनकी पुरानी कारों में क्या खराबी थी। एक खबर का हवाला देते हुए बाजवा ने कहा कि आप सरकार ने 15 कैबिनेट मंत्रियों में से 10 के कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों के लिए कार खरीदी थी। सरकार ने



इस पर 3 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जिससे पंजाब के खजाने पर दबाव पड़ेगा। इससे यह भी पता चलता है कि राज्य की वित्तीय स्थिति को सुव्यवस्थित करने में आप नेतृत्व कितना बेईमान और लापरवाह है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में ध्यान केंद्र के चार दिवसीय दौरे पर बाजवा ने कहा, 'जब भी पंजाब को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है, वह या तो चुनावी राज्यों में पार्टी के विस्तार के लिए निकल जाते हैं या ध्यान जैसी कुछ निजी चीजों में शामिल हो जाते हैं.' मुख्यमंत्री आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की तरह होशियारपुर के विपश्यना केंद्र में ध्यान क्यों नहीं कर सके? उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने होशियारपुर विपश्यना केंद्र की उपेक्षा क्यों की।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाजवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने लगातार तीसरी बार ईडी के समन को नजरअंदाज किया है। अगर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है तो वे ईडी से क्यों भाग रहे हैं? उनमें ईडी का सामना करने का साहस होना चाहिए। उन्होंने कहा, "ऐसा प्रतीत होता है कि केजरीवाल जानबूझकर ईडी के समन की अनदेखी कर रहे हैं ताकि एजेंसी को दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के लिए मजबूर किया जा सके। यह उन्हें आगामी लोकसभा चुनावों में सहानुभूति और लोकप्रियता हासिल करने की अनुमति देता है।

## भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हराया

### सीरीज 1-1 से बराबर, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज बने जीत के हीरो

**केपटाउन .** भारत ने साउथ अफ्रीका को केपटाउन में खेले गए दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से मात दी है। इस जीत के साथ भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। दूसरा टेस्ट मैच सि्रफ पांच सेशन तक ही चला। मेजबान टीम ने भारत को जीत के लिए 79 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे भारत ने तीन विकेट गंवाकर 12 ओवर में ही हासिल कर लिया।



फोटो- बीसीसीआई

केपटाउन टेस्ट काफी लो स्कोरिंग रहा और गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला। 5 दिन के टेस्ट मैच में दोनों ही टीमें मिलकर भी दो दिन तक बल्लेबाजी नहीं कर सकी। ऐसा काफी कम देखने को मिलता है कि टेस्ट मैच का नतीजा दो दिन में ही निकल जाए। इस मैच में भारतीय टीम की जीत के हीरो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज रहे। बुमराह ने इस मैच में 8 विकेट और सिराज ने 7 विकेट अपने नाम किए। मुकाबले में मेजबान टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने अफ्रीकी बल्लेबाजों को महज 55 रन पर ही ऑलआउट कर दिया। वहीं भारत की ओर से सिराज ने 9 ओवर में 15 रन खर्च किए और 6 विकेट हासिल किए। जबकि बुमराह और मुकेश कुमार को 2-2 विकेट मिले थे। इसके जबाव में टीम इंडिया भी ज्यादा बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाई। पहली पारी में 153 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई।

बता दें कि, दूसरे दिन का जब खेल शुरू हुआ तो मेजबान टीम 36 रन पीछे थी। इसके बाद एडन मार्करम ने टीम की पारी को संभाला और शनदार शतकीय पारी खेली। लेकिन दूसरी छोर से विकेट गिरते रहे। अफ्रीकी टीम दूसरी पारी में 176 रन ही बना पाई। ऐसे में भारत के ये मुकाबला जीतने के लिए 79 रन की दरकार थी जिसे उसने 3 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.